तुम आये संसार में जग हाँसे तुम रोये लिरिक्स

तुम आये संसार में,
जग हाँसे तुम रोये,
ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये,
ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये।bd।

चाहे जितने जतन करे तू,
लेकिन तुमने सोचा,
झूठ कपट से बात बने ना,
मिटे ना उसका लेखा,
कभी ना तूने भजन किया,
तभी तो तेरा पतन हुआ,
तूने यूँ ही जनम गंवाया,
अब सिर धुन क्यों रोए,
ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये।bd।

हाथ विनय का इस दुनिया में,
कोई मोड़ ना पाया,
ऊँचा बोलने वालों ने,
अपना सर भी कटवाया,
चाहे जितना लगाले बल,
विनती है निर्मल सा जल,
प्रेम से बिगड़े काम बनाले,
गैर भी तेरा होए,
ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये।bd।

करम किये जा अपना जगत में,
छोड़ के फल की आशा,
जिसकी जैसी करनी होगी,
वो वैसा फल पाता,
आज ही करले कल पे न टल,
पल पल जाता समय निकल,
एक बार जो हाथ से जाए,
दोबारा फिर ना आये।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये।bd।

तुम आये संसार में,
जग हाँसे तुम रोये,
ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये,
ऐसी करनी कर चलो,
तुम हाँसो जग रोये।bd।

Singer – Anil Sharma / Meena Rana

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com